LATEST

# NEWS

## Election

**Date : 03rd Feb. 2026**

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# स्वीप गतिविधियों माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें: चौहान

भास्कर न्यूज़ | बालोतरा

शहर के कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एडीएम भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वीप से जुड़े विभागीय अधिकारियों, शिक्षा विभाग तथा संबंधित कार्मिकों ने भाग लिया।

बैठक में एडीएम भुवनेश्वरसिंह चौहान ने विधानसभावार स्वीप कमेटियों का गठन कर उनकी सूचना आज ही संबंधित स्तर पर भेजी जाए, ताकि आगामी कार्यक्रमों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे युवा मतदाताओं सहित सभी वर्गों तक संदेश प्रभावी रूप से पहुंच सके। साथ ही स्थानीय नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ा जाए। एडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि जिले के समस्त राजकीय एवं निजी स्कूलों में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन गतिविधियों से संबंधित समस्त जानकारी एवं फोटो शाला दर्पण पोर्टल पर समय पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रगति की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वीप गतिविधियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## स्वीप गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# स्वीप गतिविधियों माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें: चौहान



मरुलहर न्यूज

**बालोतरा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वीप से जुड़े विभागीय अधिकारियों, शिक्षा विभाग तथा संबंधित कार्मिकों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानसभावार स्वीप कमेटियों का गठन कर उनकी सूचना आज ही संबंधित स्तर पर भेजी जाए, ताकि आगामी कार्यक्रमों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे युवा मतदाताओं सहित सभी वर्गों तक संदेश प्रभावी रूप से पहुंच सके।

साथ ही स्थानीय नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ा जाए।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन गतिविधियों से संबंधित समस्त जानकारी एवं फोटो शाला दर्पण पोर्टल पर समय पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रगति की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वीप गतिविधियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### स्वीप गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# स्वीप गतिविधियों माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें: चौहान

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वीप से जुड़े विभागीय अधिकारियों, शिक्षा विभाग तथा संबंधित कार्मिकों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानसभावार स्वीप कमेटियों का गठन कर उनकी सूचना आज ही संबंधित स्तर पर भेजी जाए, ताकि आगामी कार्यक्रमों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही




स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे युवा मतदाताओं सहित सभी वर्गों तक संदेश प्रभावी रूप से पहुंच सके। साथ ही स्थानीय नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ा जाए।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन गतिविधियों से संबंधित समस्त जानकारी एवं फोटो शाला दर्पण पोर्टल पर समय पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रगति की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वीप गतिविधियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।